**संपादकीय दिशा निर्देश**

एम्प्लॉइमेंट न्यूज / रोजगार समाचार का प्रकाशन 1976 में आरंभ किया गयातथा यह अंग्रेजी, हिंदी और उर्दू में एक साथ प्रकाशित होता है। एम्प्लॉइमेंट न्यूज/ रोजगार समाचार में नौकरी से संबंधित रिक्तियों, रोजगारोन्मीखी प्रशिक्षण कार्यक्रमों, रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों से संबंधित प्रवेश नोटिस और भर्ती परीक्षाओं के परिणाम प्रकाशित किए जाते हैं।

2. यह युवा स्नारतकों, अभियंताओं, वैज्ञानिकों और रोजगार की तलाश अथवा अपनी संभावनाओं को बेहतर बनाने में जुटे अहर्ता प्राप्तक अन्या व्यक्तियों के लिए उपयोगी सिद्ध हुआ है। एम्प्लॉइमेंट न्यूज में उभरते क्षेत्रों सहित विभिन्न क्षेत्रों में नौकरी के अवसरों से संबंधित लेख सम्मिलित किए जाते हैं।इसमें प्रकाशित होने वाले लेखों में नेतृत्व, नौकरी में नए आयाम जोड़ने की प्रेरणा, कार्यकुशलता में सुधार आदि जैसे नौकरी और प्रबंधन से संबंधित पहलुओं को शामिल किया जाता है। शैक्षणिक संस्थानों, कौशल में सुधार से संबंधित संस्थानों आदि के बारे में प्रामाणिक और सही जानकारी उपलब्ध कराने के लिए ये लेख संबंधित विषय के विशेषज्ञों द्वारा लिखे जाते हैं।

एम्प्लॉइमेंट न्यूज सफलता की कहानियों और करियर परामर्श आदि सहित सामाजिक-आर्थिक मामलों पर भी लेखों का प्रकाशन करता है।

3 एम्प्लॉइमेंट न्यूज ने वेब एक्सक्लूसिव्सस भी शुरू किए हैं और ये संपादकीय दिशा निर्देश उन पर भी लागू होते हैं। वेब एक्सक्लूसिव्सज फीचर लेख विशेष रूप से एम्लॉक्लूइमेंट न्यू-ज वेबसाइट के लिए होते हैं और इनमें सामयिक सामाजिक-आर्थिक मामलों को कवर किया जाता है।

**4. योगदानकर्ताओं के लिए टिप्पणियाँ ’**

- उच्च गुणवत्ता को बरकरार रखने तथा सही और विश्वासनीय सूचना देने के लिए एम्प्लॉइमेंट न्यूज सामान्यतः प्रकाशन के लिए अपनी आवश्यकताओं के अनुरूप निवेदित लेखों को ही प्राथमिकता देता है।
- एम्प्लॉइमेंट न्यूज उभरते क्षेत्रों सहित विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों और अन्य संबंधित मुद्दों पर अंग्रेजी, हिंदी और उर्दू में मौलिक लेखों का स्वागत करता है।
- व्यवहारिक स्तर पर लागू की जा रही रोजगार के सृजन से संबंधित योजनाओं को लेखों में कवर किया जा सकता है। इनमें केंद्र,राज्य सरकारों की योजनाओं तथा गैर सरकारी संगठनों और स्वायंसेवी संगठनों आदि सहित निजी क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों को शामिल किया जा सकता है।
- लेख टिप्पंणियों और संदर्भों सहित 1200 से अधिक शब्दों का नहीं होना चाहिए। लंबे लेखों को प्रॉसेस नहीं किया जाएगा।
- लेख ईमेल के माध्यम से भेजे जाने चाहिए।

- लेखों को एक ही समय किसी अन्ये जर्नल अथवा समाचार पत्र या पत्रिका के लिए नहीं भेजना चाहिए। यदि लेख पहले ही किसी अलग  संस्कारण में छप चुका है, तो प्रस्तु त लेख के साथ उसकी प्रति संलग्न किए जाने की हम सराहना करेंगे।
- लेख सरल भाषा में होने चाहिए और जब तक लेखों के लिए अत्यंत आवश्यक न हों, उनमें ग्राफ आदि नहीं होने चाहिए।
- नीतिगत मामलों पर, लेखों को नीति के दोनों पक्षों को ध्यांन में रखते हुए संतुलित दृष्टिकोण प्रस्तुत करना चाहिए।
- लेखों में इस्तेमाल की गई भाषा (अंग्रेजी, हिंदी और उर्दू) सरल होनी चाहिए और किसी भी प्रकार के अश्लील अपमानसूचक सदंर्भ की अनुमति नहीं दी जाएगी।
- भाषा किसी भी प्रकार से ग्राहकों पाठको की नैतिकता, शिष्टेता और धार्मिक भावनाओं के प्रतिकूल नहीं चाहिए।
- शैक्षणिक संस्थाओं आदि के बारे में लेखों में दी गई सूचना सटीक, विश्वसनीय और सही होनी चाहिए।
- सूचना में तथ्यों  में तोड़-मरोड़कर पेश नहीं करना चाहिए तथा गलत बयानी वाले निहितार्थों के जरिए पाठकों,ग्राहकों को गुमराह करने से बचना चाहिए।
- शिक्षा, रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम प्रशिक्षण आदि प्रदान करने वाले संस्थान /संगठन के बारे में निजी सहित किसी भी प्रकार की सिफारिश करने की अनुमति नहीं होगी।
- लेख प्राप्त होने की सूचना ईमेल के माध्यमम से भेजी जाएगी।
- एम्प्लॉइमेंट न्यूज को प्राप्त होने वाले लेखों की प्रॉसेसिंग जल्दी  पूरी करने का हर संभव प्रयास किया जाता है। वैसे पाठकों ग्राहकों को हर हफ्ते निर्बाध रूप से लेख उपलब्ध् कराने के लिए एम्प्लॉइमेंट न्यूज के पास लेखों का एक बैंक है। आंतरिक स्तर पर पठन और तथ्यों  की जांच-पड़ताल के लिए पर्याप्त समय दिया जाता है। इसलिए, लेख की स्वीकृति से लेकर उनके बारे में अंतिम निर्णय लेने और उन्हें प्रकाशित करने में एम्प्लॉइमेंट न्यूज के संपादकों को 5 से 6 हफ्तों तक का समय लग सकता है।
- किसी नीति के लिए तात्कालिक दृष्टि से प्रासंगिक लेखों को जल्दी प्रकाशित  करने पर विचार किया जाएगा।
- लेखों की स्वीकृति और उनका प्रकाशन संपादकीय निर्णय होगा, जिसे एम्प्लॉइमेंट न्यूज के उद्देश्यक को ध्यान में रखते हुए लिया जाएगा। यह उद्धेश्य है -देश के  बेरोजगारों और अवनियोजितों (या अंडर इम्लॉकी  यड) को रोजगार के अवसरों की जानकारी देना।
- लेखों की स्वी्कृति और उनके प्रकाशन के समय के बारे में अंतिम निर्णय संपादक मंडल द्वारा लिया जाता है। जिसमें प्रधान संपादक (एम्प्लॉइमेंट न्यूज) के अधीन संपादक (अंग्रेजी), संपादक (हिंदी) और संपादक (उर्दू) होते हैं। संपादक मंडल का निर्णय बाध्यकारी अंतिम होता है।
- प्रकाशन के पश्चात एम्प्लॉइमेंट न्यूज लेख की सॉफ्ट कॉपी लेखकों को भेजता है।
- एम्प्लॉइमेंट न्यूज शब्दन संख्यान के आधार पर प्रत्येक लेख के लिए लेखक को 700 रुपये से 1200 रुपये तक के पारिश्रमिक का भुगतान करता है।

- किसी भी लेख को अस्वीकार करने का अधिकार एम्प्लॉइमेंट न्यूज के पास आरक्षित है।

**5. फीडबैक**

- एम्प्लॉइमेंट न्यूज लेखक और ग्राहकों पाठकों के बीच परस्पर संवाद को प्रोत्साहित करता है। लेखों के अंत में सदैव लेखक की ईमेल आईडी दी जाती है, क्योंकि परस्पर संवाद ईमेल के प्रारूप में करने को तरजीह दी जाती है।
- लेखक अपना पूरा नाम, ईमेल और डाक का पता उपलब्धं कराएंगे।

**6. सामान्य दिशा निर्देश**

- लेखकों से अनुरोध है कि वे पत्र व्यवहार के लिए अपना पूर्ण विवरण उपलब्ध कराएं ।
- एम्प्लॉइमेंट न्यूज लेखकों से अनुरोध करता है कि वे शैलीगत परिवर्तनों, संदर्भों को जोड़ने हटाने, मामूली बदलावों पर आधारित संशोधित संस्करण न भेजें, क्योंकि इससे लेखों को प्रॉसेस करने में कठिनाई होती है। संशोधित संस्करण प्रॉसेस नहीं किए जाएंगे। पहली बारलेख भेजने के बाद केवल कोई बड़ा घटनाक्रम हो जाने की स्थिति में ही लेखक संशोधित संस्करण भेज सकते हैं।
- एम्प्लॉइमेंट न्यूज के संपादक लेखों के फोकस को खोए बिना उन्हें संक्षिप्त, स्पस्ट्ट और सुसंबद्ध बनाने के लिए उपयुक्त रूप से संपादित कर सकते हैं।

**7. कॉपीराइट**

- एम्प्लॉइमेंट न्यूज सभी प्रकाशित लेखों को अपनी वेबसाइट पर पोस्ट करता है और उन्हें सीडी मुद्रित संस्करण में दोबारा भी प्रस्तुत कर सकता है।
- एम्प्लॉइमेंट न्यूज में प्रकाशित सभी लेखों के कॉपीराइट एम्प्लॉइमेंट न्यूज से संबद्ध हैं।

**8.पुनः प्रस्तुत करने की अनुमति**

- एम्प्लॉइमेंट न्यूज की पूर्व अनुमति के बिना किसी भी प्रकाशित लेख या उसके अंश को किसी भी रूप में पुनः प्रस्तुत नहीं किया जाएगा।

**9. पत्र व्यपवहार के लिए पताः**

एम्प्लॉइमेंट न्यूज कार्यालय, 7वीं मंजिल, सूचना भवन, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003, दूरभाषः 24369443,,
टेलीफैक्सः ईमेल- Email-director.employmentnews@gmail.com, enewsedit@gmail.com